# सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांक: १३७/सो.आ.नि.–318(I)/14

दिनाँक: 04 जुलाई, 2014

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
(बलिया, गाजीपुर, चंदौली, कासगंज, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, हापुड़ एवं मेरठ को छोड़कर)

**विषयः वित्तीय वर्ष 2014–15 की प्रथम छमाही में जुलाई से सितम्बर, 2014 के लिए सोशल आडिट टीमों द्वारा सोशल आडिट कैलेण्डर।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि आपके जनपद में वर्ष 2014–15 की प्रथम छमाही के लिए मनरेगा एवं इन्दिरा आवास योजना के अर्न्तगत कराए गए कार्यों का सोशल आडिट दिनांक 11–7–2014 से प्रारम्भ हो रहा है, जिसके लिए इस निदेशालय द्वारा सोशल आडिट कैलेण्डर जारी किया जा चुका है। सोशल आडिट कैलेण्डर के अनुसार इस प्रथम छमाही में प्रत्येक विकास खण्ड में लगभग 23 ग्राम पंचायतों का सोशल आडिट विभिन्न प्रशिक्षित टीमों द्वारा DSAC/BSAC की सहायता से किया जाएगा।

अवगत कराया गया है कि कतिपय विकास खण्डों में वर्तमान में BSAC की तैनाती न होने या अन्य कारणों से उसकी सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति सोशल आडिट सम्पन्न कराने में कठिनाई होगी। वास्तव में सोशल आडिट सुचारू रूप से उन्हीं विकास खण्डों में सम्पन्न हो सकता है जहाँ पर BSAC कार्यरत हैं।

अतः अनुरोध है कि कृपया अपने जनपद के उन विकास खण्डों, जहाँ के लिए सोशल आडिट कैलेण्डर जारी कर दिया गया है परन्तु वर्तमान में BSAC तैनात नहीं हैं, के नाम तत्काल इस निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शंकर सिंह)
निदेशक।

प्रतिलिपि :–
समस्त जिला विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(शंकर सिंह)
निदेशक।

Rks/Gen.letter/Desktop